होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के घर से कचरा एकत्रित करने पृथक से इंतजाम

भिलाई नगर/ होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीजों के घरों से कचरा निकालने के लिए पृथक से इंतजाम किया गया है! इसके लिए उपलब्ध संसाधन और कार्यरत सफाई कर्मचारियों में से अलग से सफाई वाहन एवं सफाई मित्र की व्यवस्था की गई है! कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सफाई कर्मचारी होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के घरों तक पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं! घरों में रह रहे होम आइसोलेशन के पॉजिटिव मरीज के परिजन इस कार्य की खूब सराहना कर रहे हैं, उनका कहना है कि कोविड की जांच रिपोर्ट आने के बाद आसपास के लोग भी दूरी बना लेते हैं परंतु नगर निगम का सफाई अमला बिना हीन भावना के नियमित जैसे आते थे , वैसे ही आकर अपना कार्य कर रहे हैं , उनके व्यवहार में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं है! इस प्रकार के जज्बे को देखते हुए लोगों ने सफाई कर्मचारियों की जमकर तारीफ की है वहीं निगम प्रशासन का इसके लिए धन्यवाद दिया है! पॉजिटिव पेशेंट के घरों से निकले कचरा को पृथक से डिस्पोज किया जा रहा है! इस कचरे को सामान्य कचरे से अलग रखकर नष्ट किया जा रहा है! होम आइसोलेशन वाले घरों में स्टीकर चस्पा किया होता है , सफाई मित्रों को मालूम है कि इन घरों में होम आइसोलेशन के मरीज रह रहे होते हैं! इसको देखते हुए सफाई मित्रों को दस्ताना , गम बूट, इत्यादि सुरक्षा सामग्री एहतियात के तौर पर मुहैया कराया गया है! होम आइसोलेशन में रह रहे पॉजिटिव मरीज के परिजन भी समझदारी से कार्य कर रहे हैं और गीला कचरा तथा सूखा कचरा को पृथक से दे रहे हैं, तथा सफाई वाहन के आने पर मास्क का उपयोग कर घर के सामने खड़े सफाई वाहन तक पहुंच रहे हैं! इसी प्रकार के छोटे-छोटे उपायों को अपनाने की आवश्यकता है! कोरोनावायरस से संक्रमित घरों से प्रतिदिन कचरा कलेक्ट करने का जज्बा केवल हमारे सफाई मित्रों में ही है! निगम के सभी सफाई कर्मचारी इस कठिन परिस्थिति में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए पूरी ताकत से लगे हुए हैं! बिना थके, रुके काम कर रहे हैं! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर शत प्रतिशत सफाई कर्मियों को कोविड का टीका लग चुका है! लॉकडाउन के इस दशा में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्रतिदिन सामान्य घरों से भी एकत्रित किया जा रहा है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्य के लिए ई-रिक्शा आने के बाद कचरा कलेक्शन में तेजी आई है! कचरे के परिवहन के साथ ही प्रदूषण को कम करने में भी ई-रिक्शा कारगर साबित हो रहा है! शिवाजी नगर के जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि होम आइसोलेशन में रह रहे कोविड पेशेंट के घरों से सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है! साथ ही सूखा कचरा में दवाइयां इत्यादि के रैपर मिश्रित होते हैं जिन्हें पृथक करते हुए अलग से डिब्बे में रखा जा रहा है! और गीले कचरे को तत्काल डिस्पोज करने का कार्य किया जा रहा है! भिलाई निगम के सभी जोन क्षेत्रों में इसी तर्ज पर कार्य किया जा रहा है!